## प्रेसनोट थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद दिनांक 17.11.2022

**➡सस्ता लोन दिलाने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दापाश कर थाना सिविल लाइन्स पुलिस व साईबर सेल मुरादाबाद ने सेन्टर संचालक सहित 05 अरोपी व 01 महिला आरोपी को किया गिरफ्तार।**

**➡गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 CPU, 02 मॉनीटर, 02 UPS, 02 कीबोर्ड, 03 माऊस, मय 06 लीड वायर ,09 लैपटाप मय चार्जर, 03 WIFI डिवाइस, 39 मोबाइल, 05 चार्जर मोबाइल फोन, 02 आधार कार्ड, 02 पासबुक, 01 चैकबुक, 03 पैनकार्ड, 02 एटीएम तथा 35 रजिस्टर एवं एक पैकिट में 69 वीजिटिंग कार्ड ,15 फर्जी ई-स्टाम्प की प्रतियां, 01 D.L, 01 क्रेडिट कार्ड, 03 बिल व 01 कार स्कार्पियो बरामद।**

अवगत कराना है कि वर्तमान समय में साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को फोन कॉल के माध्यम से विभिन्न प्रकार से बातों में फंसाकर एवं प्रलोभन देकर ऑनलाइन ठगी का कार्य किया जा रहा है। इस तरह के मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसकी रोकथाम हेतु जनपद में उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही थाना स्तर पर साइबर हेल्प डेस्क का गठन कर साइबर ठगी पर अंकुश लगाने हेतु मुरादाबाद पुलिस द्वारा अथक प्रयास किये जा रहे है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी एवं आमजन को इस तरह के अपराध से राहत दिलाने के उद्देश्य से जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन्स के कुशल नेतृत्व एवं निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 16-11-2022 को थाना सिविल लाईन्स पुलिस एवं साइबर सेल द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुये लोगों को सुगम लोन दिलाने के नाम पर आनलाईन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेंटर संचालक सहित साइबर ठगी करने के 05 अभियुक्त व एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है।

इनके कब्जे से ऑनलाइन ठगी के कार्य में प्रयुक्त उपकरण एवं सामग्री 02 CPU, 02 मॉनिटर, 02 UPS, 02 कीबोर्ड, 03 माऊस, मय 06 लीडवायर ,09लैपटाप मय चार्जर, 03 WIFI डिवाइस, 39 मोबाइल,05 चार्जर मोबाइल फोन, 02 आधार कार्ड, 02 पासबुक, 01 चैकबुक, 03 पैनकार्ड, 02 एटीएम तथा 35 रजिस्टर एवं एक पैकेट में 69 विजिटिंग कार्ड ,15 फर्जी ई-स्टाम्प की प्रतियां,01 D.L,01क्रेडिट कार्ड, 03 बिल व 01 कार स्कार्पियो बरामद किये गये। इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर **मु0अ0सं0-962/2022 धारा 420/467/468/471/120 बी भादवि व 66 D आईटी एक्ट** पंजीकृत किया गया है, अभियुक्तगण को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त:-

1-रवि चौधरी पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी सद्दीक नगर थाना सैफनी,रामपुर।
2-अनिकेत गौतम पुत्र मनोज कुमार निवासी दिल्ली रोड मझौली थाना मझोला, मुरादाबाद।
3-रवि कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गुरहेटा थाना पाकबडा, मुरादाबाद।
4-लाखेन्द्र सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी होसपुरा थाना डिलारी, मुरादाबाद।
5-अमन खन्ना पुत्र राजेश खन्ना निवासी 2/1296 बुद्धि बिहार थाना मझोला, मुरादाबाद।
6-स्वाति गौतम पुत्री जयप्रकाश निवासी लाईनपार रामलीला ग्राउण्ड कुन्दनपुर निकट प्रा0 स्कूल थाना मझोला, मुरादाबाद।

### वांछित अभियुक्त:-

तालेबर सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी अहमद नगर पचतौरा,संभल

### पूछताछ का विवरण:-

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया कि हम ताडीखाना के पास कॉल सेंटर चला रहे थे। रवि चौधरी व स्वाती द्वारा तालेबर के जाब परामर्श सेंटर पर जॉब की गयी थी और वही पर फ्रॉड करने के तरीके सीखे थे। जिन नंबरों पर कॉल की जाती थी, उनका डाटा तालेबर से पैसे देकर प्राप्त किया जाता था। इसके अलावा बडे-बडे शहरों की हाई सोसायटी कॉलोनी/मॉल/शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में प्रयोग किये जाने रजिस्टर एवं ऐप जैसे माई गेट सोसायटी ऐप आदि के ई कॉमर्स ईको फाइनेंस सिस्टम से डाटा प्राप्त करते थे एवं **सोशल साइट – फेसबुक , इंस्टाग्राम ,OLX आदि पर सस्ते लोन का विज्ञापन चलाते थे,जिससे इन विज्ञापनों को देखकर व्यक्तियो द्वारा दिये गये**

**नम्बर पर सम्पर्क किया जाता था। डाटा प्राप्त होने पर कॉल सेंटर से लड़कियों के माध्यम से लोन की जरूरतमंद लोगों को कॉल व** Whatsapp मैसेज तथा ईमेल करके सस्ते लोन के लिए तैयार किया जाता था तथा सहमत होने पर आधार कार्ड व पैन कार्ड मंगवाते हैं और उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 10 प्रतिशत Advance धनराशि जमा करवाकर ई-स्टाम्प पर लोन अनुमोदन का मैसेज भेजकर और धनराशि व्यक्तियों से जमा करवाई जाती थी। एक लडकी से निर्धारित संख्या में 10 से 20 नंबरों पर ही कॉल करवाते थे।

जिस लड़की द्वारा अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर लोगों को लोन लेने हेतु सहमत कर लिया जाता था उसे अलग से इंसेंटिव धनराशि सैलरी के साथ दी जाती थी। कॉल सेंटर में लड़कियों द्वारा कॉल करने पर जो लोग लोन के लिए सहमत हो जाते थे उनकी कॉल सीनियर रवि चौधरी, स्वाती व लाखेन्द्र सिंह, अमन, अनिकेत और रवि को कॉल ट्रांसफर कर दी जाती थी और अन्य कार्यवाही पैसा जमा कराना, दस्तावेज तैयार करना, इन्ही के द्वारा किया जाता था। रवि चौधरी, लाखेन्द्र सिंह आपस में जीजा-साले है। रवि चौधरी और स्वाती द्वारा कॉल सेंटर पर कार्य करने वाले सभी स्टाफ को प्रशिक्षित किया जाता था क्योकि रवि चौधरी और स्वाती तालेबर सिंह के यहा पूर्व में ट्रेनिंग ले चुके थे। इनके द्वारा 10 खातों एवं 22 मोबाईल नम्बरों का प्रयोग साईबर ठगी मे किया जाता था।

**अब तक की जांच से इनके द्वारा गौतमबुद्धनगर, रामपुर, गुजरात, भोपाल, हरियाणा, देहरादून, छत्तीसगढ, राजस्थान, चण्डीगढ, गाजियाबाद आदि राज्यों के व्यक्तियो के साथ ठगी करना प्रकाश में आया है। जिसमें अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 50 लाख रुपयो की ठगीं 200 व्यक्तियो के साथ की जा चुकी है।**

## साइबर अपराधियों द्वारा डाटा प्राप्त करने के श्रोतः-

साइबर अपराधियों द्वारा ई-कॉमर्स के फाइनेंशियल ईको सिस्टम को बडी-बडी सोसायटियों में चलने वाले माई गेट ऐप व बडे-बडे शहरों में कॉलोनी/मॉल/शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,बडी-बडी कम्पनियों में काम करने वाले डी.एस.ए (डायरेक्ट सेलिंग एजेंट) से प्राप्त किया जाता है।

यह डाटा सामान्य से प्रीमियम कस्टमर के हिसाब से 20 पैसे से लेकर 25 रुपये तक प्रति डाटा के हिसाब से साइबर अपराधियों के द्वारा खरीदा जाता है।

## बरामदगीः-

02 CPU, 02 मॉनिटर, 02 UPS, 02 कीबोर्ड, 03 माऊस, मय 06 लीड वायर , 09 लैपटाप मय चार्जर, 03 WIFI डिवाइस, 39 मोबाइल, 05 चार्जर मोबाइल फोन, 02 आधार कार्ड, 02 पासबुक, 01 चैकबुक, 03 पैनकार्ड, 02 एटीएम तथा 35 रजिस्टर एवं एक पैकेट में 69 विजिटिंग कार्ड ,15 फर्जी ई-स्टाम्प की प्रतियां, 01 D.L, 01 क्रेडिट कार्ड, 03 बिल व 01 कार स्कार्पियो।

## गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीमः-

1-प्रभारी साइबर सेल उ0नि0 श्री राजीव, उ0नि0 श्री हिमांशु मय टीम।
2-प्रभारी एसओजी श्री रविन्द्र सिंह मय टीम।
3-उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
4-उ0नि0 श्री विनोद कुमार थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
5-उ0नि0 श्री सोनू कुमार थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
6-उ0नि0 श्री राजीव कुमार पाण्डेय, थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
7-म0उ0नि0 स्वाति राणा थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
8-म0उ0नि0 आरती अरोड़ा, थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
9-का0 प्रमोद कुमार, का0 सचिन कुमार, का0 जगपाल सिंह, का0 अंकित मित्तल, का0 अरूण कुमार, थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
10-म0का0टीना, म0का0 प्रियंका, म0का0 कोमल, म0का0 शिवानी, म0का0 अन्जू पंचम, म0का0 मधु थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।